दिन– शनिवार दिनांक– 04 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।

02. प्रदेश के सभी नगर निकायों में पन्द्रह से बीस अप्रैल के बीच सशक्त स्थायी समिति के चुनाव होंगे। एक ही दिन होगी नामांकन, मतदान और मतगणना की प्रक्रिया।

03. केन्द्र सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता का आश्वासन दिया। नागरिकों से अफरा–तफरी में खरीदारी न करने का आग्रह।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– कल से प्रदेश में बदलेगा मौसम। कई स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका।

————————————————————————

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज एक दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार उपराष्ट्रपति मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगे। समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह भी शामिल होंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति पश्चिम चंपारण के गौनाहा प्रखंड के भितिहरवा गांधी आश्रम जायेंगे। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए हैं। समाचार कक्ष से अमरनाथ प्रसाद।

————————————————————————

प्रदेश के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के लिए पन्द्रह से बीस अप्रैल के बीच चुनाव होंगे। नगर विकास और आवास विभाग ने उन्नीस नगर निगम सहित सभी दो सौ चौंसठ निकायों में चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थायी समिति का चुनाव के लिए नामांकन, मतदान और मतगणना की पूरी प्रक्रिया एक ही दिन होगी। मतगणना के बाद निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जायेगी।

————————————————————————

उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद बिहार राज्य बार काउंसिल ने अधिवक्ता संघों के चुनाव में महिलाओं के लिए एक–तिहाई आरक्षण अनिवार्य कर दिया है। बिहार

राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता रामाकांत शर्मा ने बताया कि प्रदेश के एक सौ उनतीस अधिवक्ता संघों में होने वाले चुनाव में यह आरक्षण व्यवस्था लागू होगी।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वह देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों को अफरा–तफरी में पेट्रोल और डीजल की खरीददारी न करने और एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अपर मुख्य सचिवों और प्रधान सचिवों के साथ ईंधन आपूर्ति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की और पर्याप्त उपलब्धता सुनिशचित करने के लिए उठाए गए उपायों का उल्लेख किया। बैठक में राज्यों को एलपीजी वितरण के घरेलू और आवश्यक जरूरतों पर प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। प्रवासी श्रमिकों को एफटीएल एलपीजी आपूर्ति से सम्बंधित रिपोर्ट में राज्यों ने स्पष्ट किया है कि प्रवासी श्रमिकों को एलपीजी आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि पीएनजी विस्तार सुधारों के तहत दस राज्यों को अतिरिक्त एलपीजी प्राप्त हुई है। पीएनजी विस्तार में तेजी आई है और मार्च से अब तक लगभग तीन लाख 42 हजार पाइपलाइन कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं और तीन लाख सत्तर हजार नए पंजीकरण किए गए हैं। पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि संघर्षरत क्षेत्र से अब तक ग्यारह सौ से अधिक भारतीय नाविकों को स्वदेश लाया गया है। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से विशाल शर्मा।

———————————————————————

वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर पश्चिमी एशिया संघर्ष के प्रभाव के बावजूद भारत में एलपीजी की आपूर्ति  पर्याप्त बनी हुई है। इंडियन ऑयल ने कहा है कि रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति जारी है और वर्तमान में प्रतिदिन लगभग अट्ठाईस लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। यह वितरण मौजूदा भू–राजनीतिक तनावों के शुरू होने से पहले के सामान्य स्तरों के अनुरूप है। इंडियन ऑयल के अनुसार वर्तमान में लगभग सत्तासी प्रतिशत बुकिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त होती हैं। कंपनी ने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए एलपीजी वितरकों के अचानक निरीक्षण करने के लिए कई टीमें तैनात की गई हैं। इधर, प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। रोहतास जिले के सासाराम में पुलिस ने सात रेस्तरां और दुकानों पर छापेमारी कर दस घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये।इन प्रतिष्ठानों के संचालकों के खिलाफ मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि गंगा का पानी बिहार सहित सभी स्थानों पर स्नान करने योग्य है। केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने लोकसभा में कहा कि गंगा का जल सभी स्थानों पर प्रदूषण मुक्त है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिहार सहित पांच राज्य के एक सौ बारह स्थानों पर जल गुणवत्ता की निगरानी करता है। इनमें बिहार के तैंतीस स्थान शामिल हैं। श्री चौधरी ने कहा कि इन स्थानों पर नदी में प्रदूषण का स्तर कम रहा है।

————————————————————————

प्रदेश में एमडीए अभियान के तहत आयोजित शिविर में एक दिन में एक करोड़ से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य प्राप्त किया गया। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना में एक कार्यक्रम में बताया कि राज्यव्यापी एमडीए शिविर में एक दिन में बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के बेहतर क्रियावन्यन को देखते हुये प्रत्येक जिले से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। गौरतलब है कि दस से अट्ठाईस फरवरी के बीच प्रदेश के चौंतीस जिलों के तीन सौ छियानवे प्रखंडों में एमडीए कार्यक्रम चलाया गया था।

————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब पीने से मौत मामले में पुलिस ने एक शराब तस्कर राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पिपराकोठी थाने के पक्की नाला के पास छापेमारी कर भारी मात्रा मे स्प्रिट भी बरामद की है। इधर, रघुनाथपुर के हरदिया वार्ड नंबर एकतीस में छापेमारी कर पुलिस ने पच्चीस लीटर स्प्रिट के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों स्थानों से प्राप्त शराब के नमूनों की जांच में जहरीली शराब होने की पुष्टि हुयी है। गौरतलब है कि जिले के तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाना क्षेत्रों में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गयी थी।

————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि कल से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है। वहीं, छह और सात अप्रैल को कुछ जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। इस बीच, प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, शेखपुरा का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस, गयाजी का उनतालीस दशमलव आठ और पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————

प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक संचालित होंगे। समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित बाल विकास परियोजना निदेशालय ने बढ़ती गर्मी को देखते हुये आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में बदलाव किया है। यह आदेश बीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा। वहीं, प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में छह अप्रैल से नई समय सारणी लागू होगी। इसके अनुसार सभी विद्यालयों में कक्षाएं सुबह साढ़े छह बजे से दोपहर बारह बजकर बीस मिनट तक संचालित की जायेगी।

————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने सिपाही भर्त्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में पूर्व पुलिस महानिदेशक एस. के. सिंघल से जवाब मांगा है। ईओयू ने पेपर लीक की जांच में अब तक मिली गड़बड़ियों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। जांच में प्रश्न पत्र के लिए एजेंसी चयन से लेकर परीक्षा संचालन में कई खामियां उजागर हुई है। गौरतलब है कि बिहार पुलिस में इक्कीस हजार से अधिक पदों के लिए वर्ष दो हजार तेईस में परीक्षा आयोजित की गयी थी। पेपर लीक होने के कारण इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था।

————————————————————

पटना के मोकामा में राजेन्द्र सेतु के समानांतर निर्माणाधीन दो लेन पुल पर ट्रेनों की आवाजाही इस वर्ष जून महीने से शुरू हो जायेगी। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस पुल के तैयार होने से मेन लाईन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित नहीं होगा।

————————————————————

अररिया के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने अलग–अलग आरोपों में दो थानाध्यक्षों को निलंबित कर दिया है। इनमें कुआरी थानाध्यक्ष प्रेम कुमार और फारबिसगंज थाना के अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह का नाम शामिल है। वहीं, जोगबनी थाने के दो पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के साथ साठ–गाठ के आरोप में लाईन हाजिर किया गया है। दूसरी तरफ, जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्शाना के वनमोतर पुल के पास से पुलिस ने दस कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्तौल, कारतूस और चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की गयी है।

————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम में फोरलेन किनारे बेदा के पास एक खेत में आग लगने से गेहूँ की फसल जलकर नष्ट हो गयी। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

————————————————————

दरभंगा शहर के गांधी चौक स्थित आभूषण दुकान से अपराधियों ने दो करोड़ रूपये से अधिक के आभूषण और पच्चीस लाख रूपये नकद भी लूटे हैं। पुलिस ने बताया कि चार की संख्या में आये अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

————————————————————

राजगीर में आयोजित सोलहवीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर पुरूष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरूणाचल प्रदेश की टीम ने बिहार को चार–दो से पराजित कर दिया। वहीं, गोवा और उत्तराखंड की टीमों ने भी अपने–अपने मैच में जीत हासिल की हैं।

लखीसराय में खेली जा रही बिहार राज्य सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में बेगूसराय ने दरभंगा को छह–शून्य से पराजित कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया है। दिन के अन्य मुकाबलों में अरवल ने जहानाबाद को छह–शून्य और रोहतास ने सारण को ट्राई–ब्रेकर में तीन–दो से हरा दिया। बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव सैयद इम्तियाज हुसैन ने बताया कि आज बक्सर का कैमूर से, लखीसराय को शिवहर से तथा मुजफ्फरपुर का अरवल की टीमों से मुकाबला होगा।

————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज डेल्ही कैपिटल्स का सामना मुम्बई इंडियन्स से होगा। यह मैच, दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिन के साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा। वहीं, अहमदाबाद में खेले जाने वाले दिन के दूसरे मैच में गुजरात टाइटन्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। इधर, आईपीएल क्रिकेट में कल पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– जल संसाधन विभाग की पहल, बिहार में छोटे–मध्यम आकार के बांधों का भी अब बनेगा डाटा बेस।

दैनिक जागरण लिखता है– अब जीविका दीदियों को बीस–बीस हजार। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की दूसरी किस्त के तहत अप्रैल के अंतिम पखवाड़े में भेजी जायेगी राशि।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– सात जिलों में अब भी खसरा–रूबेला के केस मिल रहे, टीकाकरण अभियान चलेगा।

प्रभात खबर ने पश्चिम एशिया में जंग की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– युद्ध का पैंतीसवां दिन, ईरान ने अमेरिका का एफ–फिफ्टीन लड़ाकू विमान फिर मार गिराया।

राष्ट्रीय सागर का शीर्षक है– मोतिहारी में जहरीली शराब से पांच की मौत, छह की आंख की रोशनी गयी।

आज अखबार की सुर्खी है– नई दिल्ली, एनसीआर और उत्तर भारत में भूकम्प के तेज झटके।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।

02. प्रदेश के सभी नगर निकायों में पन्द्रह से बीस अप्रैल के बीच सशक्त स्थायी समिति के चुनाव होंगे। एक ही दिन होगी नामांकन, मतदान और मतगणना की प्रक्रिया।

03. केन्द्र सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता का आश्वासन दिया। नागरिकों से अफरा–तफरी में खरीदारी न करने का आग्रह।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– कल से प्रदेश में बदलेगा मौसम। कई स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।